# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

जनवरी-फरवरी, 2009 सत्र

**बुधवार, दिनांक 11 फरवरी, 2009**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला कबीरधाम एवं कोरबा में औद्योगिक ईकाईयों द्वारा वन भूमि में अनाधिकृत कब्जे पर कार्यवाही

1. (*क्र. 466) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम एवं कोरबा जिले में किन-किन औद्योगिक इकाईयों द्वारा कहां-कहां की कितनी-कितनी वन भूमि पर कब से अनाधिकृत कब्जा किया गया है ? (ख) कब्जों के विरुद्ध अलग-अलग क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? अद्यतन स्थिति क्या है ?

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) कबीरधाम एवं कोरबा जिले के अंतर्गत वन विभाग के प्रबन्धन की वन भूमि में कोई भी औद्योगिक इकाईयों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा नहीं किया गया है. (ख) प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में सड़क/पुल/पुलिया निर्माण

2. (*क्र. 282) **श्री चैतराम साहू :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में विभाग द्वारा कितनी सड़कों/पुल/पुलियों का निर्माण कराया गया है व प्रत्येक कार्य की लागत एवं प्रशासनिक राशि का विवरण देवें ? (ख) कौन-कौन से निर्माण कार्य किन-किन एजेंसियों के माध्यम से कराये गये हैं ? कितने पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं ?

**लोक निर्माण मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

विधान सभा क्षेत्र पत्थलगांव के शासकीय आवासों के संबंध में

3. (*क्र. 375) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र पत्थलगांव के विकासखण्ड पत्थलगांव एवं कांसाबेल में कुल कितने शासकीय आवास हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) के भवनों के अनुरक्षण हेतु वर्ष 2005-06 से वर्ष 2007-08 में कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई ?

**लोक निर्माण मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) पत्थलगांव विकासखण्ड में 68 नग और कांसाबेल में 21 नग, कुल 89 नग हैं. (ख) वर्ष 2005-06 में 3.52 लाख एवं वर्ष 2006-07 में 12.80 लाख और वर्ष 2007-08 में 15.62 लाख.

जनभागीदारी से संचालित शालाओं की संख्या

4. (*क्र. 588) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) शैक्षणिक सत्र 2007-08 में प्रदेश में जनभागीदारी से संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की संख्या कितनी-कितनी थी ? (ख) उल्लेखित अवधि में संचालित जनभागीदारी स्कूलों में छात्र/छात्राओं की संख्या कितनी-कितनी थी ?

---

† परिशिष्ट "एक"

**लोक निर्माण मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : ( क ) शैक्षणिक सत्र 2007-08 में प्रदेश में जनभागीदारी से संचालित हाईस्कूल 318 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों की संख्या 157 थी. ( ख ) उल्लिखित अवधि में संचालित जनभागीदारी हाईस्कूल में 23,998 तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 10,765 छात्र/छात्राओं की दर्ज संख्या थी.

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत आई. एफ. एस. अधिकारियों की संख्या

5. ( *क्र. 471 ) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) राज्य के कैडर में कितने आई. एफ. एस. अधिकारी कार्यरत हैं ? विभाग के सेटअप में कितने पदों की स्वीकृति है ? ( ख ) क्या कंडिका "क" के अधिकारी अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं ? यदि हां, तो उनकी प्रतिनियुक्ति दिनांक पदस्थ विभाग की जानकारी देवें ? ( ग ) प्रतिनियुक्ति के लिये निर्धारित समय-सीमा क्या है ? क्या इसका पालन सुनिश्चित किया गया है, यदि नहीं, तो क्यों ?

**वन मंत्री** ( श्री विक्रम उसेंडी ) : ( क ) छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय वन सेवा के कुल 125 अधिकारी कार्यरत हैं. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2006 में किये गये संवर्ग पुनरीक्षण में कुल 131 पद स्वीकृत हैं. ( ख ) जी हां. राज्य शासन के अन्य विभागों में कार्यरत भारतीय वन सेवा अधिकारियों के नाम, पदस्थिति विभाग एवं वन विभाग से बाहर पदस्थिति दिनांक की जानकारी * संलग्न परिशिष्ट में दी गई है. ( ग ) भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए समय-सीमा निर्धारित नहीं है. शेष अंश का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

जिला जांजगीर-चांपा के पर्यटन स्थलों के विकास/निर्माण में व्यय राशि

6. ( *क्र. 543 ) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत कहां-कहां पर्यटन स्थल है ? वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में इन पर्यटन स्थलों के विकास एवं निर्माण में कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी ? ( ख ) उक्त अवधि में जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग के द्वारा कितनी राशि कौन-कौन से पर्यटन स्थलों में व्यय की गयी है ?

**लोक निर्माण मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : ( क ) जिला जांजगीर-चांपा में पर्यटन स्थल के रूप चिन्हित स्थलों का विवरण निम्नानुसार है :--

| क्र. | पर्यटन स्थल | पर्यटन स्थल की श्रेणी | मुख्य दर्शनीय स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | जांजगीर | ऐतिहासिक, पुरातात्विक | विष्णु मंदिर, शिव मंदिर, नहर बांध पीग |
| 2. | खरौद | ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक | लक्ष्मणेश्वर मंदिर, शबरी मंदिर |
| 3. | शिवरीनारायण | ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक | शिवरीनारायण मंदिर, दूधाधारी मठ |
| 4. | पीथमपुर | धार्मिक, सांस्कृतिक | कलेश्वर महादेव मंदिर |
| 5. | चाम्पा | ऐतिहासिक, धार्मिक | समलेश्वरी देवी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, राजमहल |
| 6. | सक्ती | ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक | दमाऊ दहरा, पंचवटी, रावणखोल |
| 7. | चन्द्रपुर | ऐतिहासिक, धार्मिक | चन्द्रहासनी देवी मंदिर |

उक्त चिन्हित पर्यटन स्थलों के विकास एवं निर्माण हेतु वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में कोई राशि व्यय नहीं की गई है. ( ख ) उक्त अवधि में जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा कोई भी पर्यटन स्थलों में किसी भी प्रकार का व्यय नहीं किया गया है.

सरगुजा जिले में जंगली हाथियों के उत्पात से क्षति

7. ( *क्र. 387 ) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) सरगुजा जिले में 01 जनवरी, 2005 से दिनांक 01-01-2009 तक जंगली हाथियों के उत्पात से कितनी जन धन की हानि हुई ? कितना मुआवजा पीड़ितों को दिया गया है ? विकासखण्डवार बतायें ? कितने मुआवजे के प्रकरण लम्बित हैं ? ( ख ) विभाग द्वारा जंगली हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए क्या कार्ययोजना तैयार की जा रही है, बतायें ?

* परिशिष्ट "दो"

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) सरगुजा जिले में 01 जनवरी 2005 से 01-01-2009 तक जंगली हाथियों के उत्पात से जितनी जनधन की हानि हुई एवं पीड़ितों को भुगतान का विकासखण्डवार विस्तृत विवरण परिशिष्ट में * संलग्न है. (ख) विभाग द्वारा जंगली हाथियों के उत्पात को रोकने के लिये सरगुजा वन वृत्त अंतर्गत तीन अभ्यारण्य क्रमशः बादलखोल वनमंडल, जशपुर, सेमरसोत वनमंडल पूर्वी सरगुजा एवं तमोर पिंगला वनमंडल उत्तर सरगुजा के इन तीनों अभ्यारण्य क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुये सरगुजा जिले में आने वाली प्रवासी जंगली हाथी को सुरक्षित वनखण्डों में भेजने हेतु हाथी कारीडोर योजना बनाई गई है जो प्रोजेक्ट एलीफेंट के तहत राज्य शासन से केन्द्र शासन को भेजा गया है. इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर भी ग्रामीणों में जंगली हाथियों से सुरक्षा के प्रति जनजागरण लाने के लिये पोस्टर, पाम्पलेट एवं शिविरों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.

## जंगली हाथियों द्वारा जन-धन की हानि

8. (*क्र. 580) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-2009 में 20 जनवरी, 2009 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में किस-किस जिले में जंगली हाथियों के द्वारा कितने लोगों को मार डाला गया है ? कितने मकान तोड़ डाले गये ? कितनी फसल का नुकसान किया गया ? कितने लोग घायल कर दिये गये ? जिलेवार विवरण दें ? (ख) प्रश्नांश (क) के वर्ष में हाथियों के द्वारा किये गये नुकसान के पश्चात् विभाग द्वारा कितनी मुआवजा या क्षतिपूर्ति पीड़ितों को प्रदान किया गया है ? जिलेवार विवरण दें ? (ग) क्या यह सत्य है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा "हाथी अभ्यारण्य" बनाये जाने का प्रस्ताव लंबित है यदि हां, तो यह अभ्यारण्य कब तक बन जायेगा ?

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) प्रदेश में वर्ष 2008-09, में 20 जनवरी 2009 तक जंगली हाथियों के द्वारा जनहानि, जनघायल, मकान/फसल क्षति का जिलेवार विवरण परिशिष्ट में ** संलग्न है. (ख) वर्ष 2008-09 में जनवरी 2009 तक हाथियों के द्वारा किये गये नुकसान के पश्चात् विभाग द्वारा पीड़ितों को मुआवजा/क्षतिपूर्ति का जिलेवार विवरण परिशिष्ट में ** संलग्न है. (ग) जी हां. हाथी अभ्यारण्य बनाने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है. समय-सीमा नियत किया जाना संभव नहीं है.

## प्रदेश में चिड़ियाघरों की संख्या

9. (*क्र. 353) **सुश्री सरोज पाण्डे** : क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कुल कितने चिड़ियाघर हैं ? (ख) प्रजातिवार जंगली जानवरों की जानकारी दें ? (ग) क्या चिड़ियाघरों में जानवरों का रखने के लिए पृथक से मानक निर्धारित किए गये हैं ? (घ) मानकों को लागू करने के लिए क्या व्यवस्था है ?

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) प्रदेश में कुल 3 चिड़ियाघर हैं. (ख) प्रजातिवार जंगली जानवरों की जानकारी परिशिष्ट में ⁂ संलग्न है. (ग) जी हां, चिड़ियाघरों में जानवरों को रखने हेतु केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा मानक निर्धारित किये गये हैं. (घ) केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों को लागू करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग/संस्थान की है.

## एन्यूटी के तहत बनने वाली सड़कों के टोल टैक्स संबंधी

10. (*क्र. 592) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ हाईवेज डेव्हलपमेंट कंपनी के अंतर्गत एन्यूटी के तहत बनने वाली सड़कों में क्या टोल टैक्स की वसूली करने का प्रावधान रखा गया है ? (ख) क्या एन्यूटी के तहत बनने वाली रायपुर-बिलासपुर सड़क पर भी टोल लिया जाना प्रस्तावित किया गया है ? यदि हां, तो क्या वसूल किये जाने वाला टोल पूरा शासकीय खजाने में जमा होगा या सी. एच. डी. सी. एल. के भागीदारों के मध्य बंटवारा किया जावेगा ?

**लोक निर्माण मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) अभी निर्णय नहीं हुआ है. (ख) उक्त सड़क एन्यूटी के अंतर्गत प्रस्तावित नहीं है. अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

* परिशिष्ट "तीन" ** परिशिष्ट "चार" ⁂ परिशिष्ट "पांच"

## अंबिकापुर जिले में जंगली हाथियों के उत्पात से क्षति

11. ( *क्र. 521) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अंबिकापुर जिले के अंतर्गत 01 जनवरी, 2008 से 15 जनवरी, 2009 तक जंगली हाथियों द्वारा कहां-कहां पर कितनी फसल, मकान एवं जन हानि की गई ? (ख) उक्त अवधि में मुआवजे के रूप में कितनी राशि वितरित की गई ? गंभीर रूप से घायल लोगों के ईलाज हेतु कितनी राशि प्रदान की गई ? अलग-अलग बतायें.

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) अंबिकापुर जिले के अंतर्गत 01 जनवरी, 2008 से 15 जनवरी, 2009 तक जंगली हाथियों द्वारा की गयी हानि के प्रकरणों का विवरण निम्नानुसार है :—

| वनमंडल का नाम | फसल हानि | मकान हानि | जन हानि |
|---|---|---|---|
| उत्तर सरगुजा | 1277 | 114 | 1 |
| दक्षिण सरगुजा | 1185 | 102 | 5 |
| पूर्वी सरगुजा | 276 | 119 | 1 |
| **योग** | **2738** | **335** | **7** |

(ख) उक्त अवधि में मुआवजे के रूप में रु. 544204.00 की राशि वितरित की गई. उक्त अवधि में गंभीर रूप से घायल के प्रकरण नहीं है.

## रायपुर वनमंडल अंतर्गत जब्त वनोपज

12. ( *क्र. 307) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर वनमंडल अंतर्गत पी. ओ. आर. क्रमांक 1843/01 दिनांक 28-02-2006 द्वारा कितनी मात्रा में एवं किससे वनोपज जब्त किया गया है ? उसका बाजार मूल्य क्या है ? (ख) उक्त वनोपज वर्तमान में किसके आधिपत्य में है ? (ग) क्या जब्त वनोपज की वापसी कर दी गई ? यदि हां, तो क्यों ?

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) रायपुर वनमंडल में बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत जारी पी. ओ. आर. क्रमांक 1843/01 दिनांक 28-02-2006 द्वारा 48 नग=4.491 घन मीटर काष्ठ, श्री जुगल किशोर केशरवानी, ग्राम टाटा बिलासपुर से जप्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 28000/- है. (ख) उक्त वनोपज में से 81 नग चिरान=1.025 घ. मी. वन विभाग के आधिपत्य में है तथा शेष चिरान/गोला काष्ठ श्री जुगल किशोर केशरवानी द्वारा निवर्तित कर दी गई है. (ग) हां, उक्त वनोपज को आंशिक रूप से वन विभाग द्वारा पुन: जप्त किया गया है. प्रकरण में श्री जुगल किशोर केशरवानी ने वनमंडलाधिकारी रायपुर द्वारा तथाकथित पत्र क्रमांक/4622 दिनांक 29-11-08, परिक्षेत्र अधिकारी बिलाईगढ़, रायपुर वनमंडल, को प्रस्तुत किया. इस पत्र में दर्शाये अनुसार मुआवजा रुपये 1000/- तथा महसूल रुपये 2000/- परिक्षेत्र अधिकारी बिलाईगढ़ ने श्री जुगल किशोर केशरवानी से वसूल कर पूर्ण वनोपज विमुक्त कर दी. पश्चातवर्ती समय में ज्ञात हुआ कि वन मंडलाधिकारी द्वारा उपरोक्त तथाकथित जारी पत्र क्रमांक/4622 दिनांक 29-11-2008 फर्जी है. प्रकरण का संज्ञान लेते हुए वन विभाग द्वारा आरोपी श्री जुगल किशोर केशरवानी के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता 420, 467, 468 एवं 471 के तहत दिनांक 26-01-2009 को प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ. आई. आर. क्रमांक 34/09) बिलाईगढ़ थाने में दर्ज की गई. आरोपी के पास से संबंधित काष्ठ की अवशेष वनोपज चिरान 81 नग=1.025 घ. मी. विभाग द्वारा दिनांक 26-01-2009 को जप्त की गई. शेष वनोपज अपराधी द्वारा निवर्तित कर दी गई है. प्रकरण पुलिस विभाग में विवेचनाधीन है.

## वनभूमि में रतनजोत पौध रोपण एवं उत्पादन

13. ( *क्र. 467) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2008 में वनभूमि में जिलेवार कुल कितने-कितने हेक्टेयर में रतनजोत के कुल कितने-कितने पौधे कितनी लागत से लगाये गये ? (ख) उक्त रोपण क्षेत्रों में सुरक्षा एवं पानी की क्या व्यवस्था है ? उत्पादन की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**वन मंत्री** (श्री विक्रम उसेंडी) : (क) वर्ष 2006-07 से 2008 तक वन विभाग द्वारा कुल 39614 हे. में रतनजोत के 10,14,04,781 पौधे वनभूमि पर रोपित किए गए जिस पर रु. 7243.60 लाख का व्यय हुआ. रतनजोत रोपण की जिलेवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) उक्त रोपण क्षेत्र में सुरक्षा कार्य संयुक्त वन प्रबंधन समितियों एवं सुरक्षा श्रमिकों के द्वारा किया जाता है. इन रोपणों में सिंचाई की व्यवस्था नहीं है. अभी तक उक्त वृक्षारोपण अंतर्गत उत्पादन प्राप्त नहीं हुआ है.

---

† परिशिष्ट "छ:"

पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र में मार्ग निर्माण हेतु जारी प्रशासकीय स्वीकृति

14. ( *क्र. 376) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के तहत वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 के बजट में कितने मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी ? (ख) उपरोक्त कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है ?

**लोक निर्माण मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) वर्ष 2005-06 में एक सड़क एवं वर्ष 2006-07 में नौ सड़क और वर्ष 2007-08 में आठ सड़क. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

जंगली हाथियों के हमले से मृतकों के परिवार को स्वीकृत सहायता राशि

15. ( *क्र. 589) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-09 में दिनांक 15-01-09 तक जंगली हाथियों के हमलों से प्रदेश में कितने लोगों की मौत हो चुकी है ? (ख) मृतकों के परिवार को कितनी-कितनी सहायता राशि स्वीकृत की गई है ? (ग) जंगली हाथियों के हमलों से बचाने हेतु क्या कोई कार्ययोजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या ?

**वन मंत्री** ( श्री विक्रम उसेण्डी) : (क) प्रदेश में वर्ष 2008-09 में दिनांक 15-01-2009 तक जंगली हाथियों के हमले से 21 लोगों की मौत हो चुकी है. (ख) मृतकों के परिवार को रु. 1.50 लाख प्रति मृतक को सहायता राशि स्वीकृत की गई है. (ग) जंगली हाथियों के हमलों से बचाने हेतु वन विभाग के अमले और वन प्रबंधन समितियों तथा हाथी निरोधीदस्ते के सतत प्रयास से प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को हाथियों के आवागमन के दौरान क्या करें और क्या न करें संबंधित सावधानियों/उपायों की समझाइश दी जा रही है. हाथियों को वन क्षेत्र में खदेड़ने के लिये तेज रोशनी की इलेक्ट्रानिक टार्च, मशाल के लिये मोबिल, फटाके आदि की आपूर्ति लगातार जारी है, स्टाफ द्वारा मौके पर ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सुरक्षा कार्य किया जा रहा है. अत्यंत गंभीर स्थिति में 1-2 दिन के लिये अस्थाई रूप से विभाग द्वारा लोगों को पास के स्कूल अथवा सामुदायिक भवन में शिफ्ट भी किया जाता है. अत्यंत हिंसक होने की दशा में वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत समस्या मूलक हाथी को मारने की भी व्यवस्था है.

जंगली हाथियों के प्रभावित परिवारों को प्रदत्त सहायता राशि

16. ( *क्र. 544) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में जंगली हाथियों के उत्पात से वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 में मकान, फसल एवं जन धन नुकसान की कितनी घटनाएं हुई हैं ? (ख) प्रभावित परिवारों को उक्त समयावधि में कितने परिवारों को कितनी-कितनी आर्थिक मदद दी गई ? (ग) कितने परिवारों को मदद राशि प्रदान करना शेष है ?

**वन मंत्री** ( श्री विक्रम उसेण्डी) : (क) से (ग) जानकारी परिशिष्ट में †† संलग्न है.

सरगुजा वन विकास निगम क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कटाई

17. ( *क्र. 388) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या वन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा जिले में वन विकास निगम को आवंटित वन क्षेत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2007 से 31 दिसंबर, 2008 तक अवैध कटाई के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? जस वनोपज का मूल्य तथा वास्तविक क्षति कितनी है ? (ख) क्या यह सही है कि, निगम क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर अवैध कटाई हुई है ? यदि हां, तो क्या शासन अवैध कटाई के लिए जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करेगा ? यदि हां, तो कब तक ?

**वन मंत्री** ( श्री विक्रम उसेण्डी) : (क) सरगुजा जिले में वन विकास निगम को आवंटित वन क्षेत्र में दिनांक 11 जनवरी 2007 से 31 दिसम्बर 2008 तक अवैध कटाई के 140 प्रकरण दर्ज किये गये, जस वनोपज का मूल्य रु. 35.4 लाख है तथा वास्तविक क्षति रु. 51932/- है. (ख) जी नहीं.

---

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ"

## रायपुर जिले के स्कूलों में कम्प्यूटर वितरण

18. ( *क्र. 522) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिला अंतर्गत कितने कम्प्यूटर हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 1-1-08 से 15 जनवरी, 2009 की स्थिति में कितनी-कितनी मात्रा में उपलब्ध कराये गये ? कम्प्यूटर के साथ कौन-कौन सी सामग्री उपलब्ध करायी गई ? (ख) कम्प्यूटर की खरीदी किस स्तर पर की गई ? निविदाओं में से चयनित सामग्री किस-किस कम्पनी के तथा प्रत्येक की कीमत क्या है ? (ग) कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्री की गुणवत्ता के मापदण्ड का आधार क्या है ?

**लोक निर्माण मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) 01 जनवरी, 2008 से 15 जनवरी, 2009 की अवधि में रायपुर जिले की 35 हायर सेकेण्ड्री स्कूलों हेतु प्रति शाला 10 कम्प्यूटरों के मान से कुल 350 नगर कम्प्यूटर केन्द्र सरकार की आई.सी.टी. योजनांतर्गत प्रदान किये गए, इसके अतिरिक्त यूरोपियन कमीशन राज्य साझेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की 12 हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में प्रति शाला एक नग के मान से 12 कम्प्यूटर प्रदान किए गए, कम्प्यूटर के साथ कम्प्यूटर पेरीफेरलस, तकनीकी साफ्टवेयर, प्रिंटर, यू.पी.एस. एवं फर्नीचर भी उपलब्ध कराए गए. (ख) आई.सी.टी. योजनांतर्गत कम्प्यूटरों की खरीदी संचालनालय स्तर पर की गई. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र-अ पर दर्शित है. यूरोपियन कमीशन के राज्य भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत खरीदी जिला स्तर पर की गई. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र-ब पर दर्शित है. (ग) क्रय की गई सामग्रियों की गुणवत्ता के मापदण्ड सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा निर्धारित है, जो संबंधित सामग्री के रेट कान्ट्रेक्ट में उल्लेखित है.

---

† परिशिष्ट "नौ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 282) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| स. क्र | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | प्रावधानित राशि (लाख में) | ठेकेदार का नाम | उपलब्धि पूर्ण | उपलब्धि अपूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | **वर्ष 2006-07 में किये गये कार्य का विवरण** | | | | | |
| | सड़क कार्य | | | | | |
| 1. | दरचुरा-हथबंद-खपरीकला-सिनोधा मार्ग का उन्नयन लं. 23.80 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 434.39 | 54.00 | श्री. रमनैयाह कन्स्ट्रक्शन, अ-5 वर्ग | 11 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 2. | नांदघाट-भाटापारा-चंदखुरी मार्ग का निर्माण लं. 30.00 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 831.04 | 400.00 | मे. संजय अग्रवाल, अ-5 | 19 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 3. | राज्यमार्ग क्र. 10 से सेंदरी पहुंच मार्ग लं. 2.60 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 43.27 | 45.00 | प्रमोद कन्स्ट्रक्शन, अ-4 वर्ग | - | अपूर्ण |
| 4. | भाटापारा-निपनिया मार्ग से कलमीडीह पहुंच मार्ग लं. 6.40 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 87.02 | 69.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन, अ-3 वर्ग | 8 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 5. | मजगांव से कुकरापुंदा मार्ग लं. 3.12 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 39.66 | 56.00 | मे. क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन, अ-4 वर्ग | 8 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 6. | तरपोंगा से लिमतरा मार्ग लं. 2.72 किमी. का निर्माण पुल पुलिया निर्माण सहित. | 51.37 | 50.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन, अ-3 वर्ग | 3 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 7. | भाटापारा-चंदखुरी मार्ग से कैथी पहुंच मार्ग लं. 4.60 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 58.19 | 24.00 | मे. क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन, अ-4 वर्ग | 8 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 8. | मांढ़र से मुख्य मार्ग लं. 1.70 का निर्माण पुल पुलिया निर्माण सहित. | 34.60 | 7.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन, अ-3 वर्ग | - | अपूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | दुल्दुला पहुंच मार्ग लं. 1.95 किमी. का निर्माण पुल पुलिया निर्माण सहित. | 43.00 | 10.00 | आकाश बिल्डर्स अ-4 वर्ग | 6 नग पुलिया | अपूर्ण |
| | योग | **1622.54** | **715.00** | | 63 नग पुलिया | 9 अपूर्ण |
| **पुल कार्य** | | | | | | |
| 1. | आर. ओ. बी. भाटापारा | 1500.00 | 50.00 | बंका कन्स्ट्रक्शन, मुंबई | - | अपूर्ण |
| 2. | बंजारी/लिमतरा भाटापारा मार्ग | 824.00 | 30.00 | श्री ब्रजेश अग्रवाल, बिलासपुर | - | अपूर्ण |
| 3. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 66/2-8 में शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य. | 1662.17 | 852.49 | मेसर्स गोर्धनदास गोविन्दराम, अ-5 वर्ग ठेकेदार, रायपुर | - | अपूर्ण |
| | योग | 3986.17 | 932.49 | - | - | 3 अपूर्ण |

**वर्ष 2007-08 में किये गये कार्य का विवरण**

सड़क कार्य

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाटापारा जरौद सुहेला मार्ग लं. 13.80 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 180.94 | 46.37 | मेकडम मेकर्स, अ-4 वर्ग | 16 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 2. | मोहभट्ठा से धौरनपुरी मार्ग लं. 3.42 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 70.32 | 30.10 | मेकडम मेकर्स, अ-4 वर्ग | 5 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 3. | रोहरा नावाभाट, मार्ग लं. 4.00 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 82.41 | 33.86 | मेसर्स गुरुदत्त तिवारी | - | अपूर्ण |
| 4. | बलौदाबाजार-हथबंद-सिमगा मार्ग लं. 51.075 किमी. नवीनीकरण डामरीकरण पुल पुलिया निर्माण सहित. | 4484.67 | 75.25 | के. एम. सी. कन्स्ट्रक्शन, | - | अपूर्ण |
| 5. | दरचुरा-हथबंद-खर्राकला-सिनोधा मार्ग का उन्नयन लं. 23.80 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 434.39 | 70.00 | बी. रमनैयाह, कन्स्ट्रक्शन, अ-5 | पूर्ण | - |
| 6. | नांदघाट-भाटापारा-चंदखुरी मार्ग का निर्माण लं. 30.00 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 831.04 | 460.00 | मे. संजय अग्रवाल, अ-5 | पूर्ण | - |
| 7. | राज्यमार्ग क्र. 10 से संदरी पहुंच मार्ग लं. 2.60 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 43.27 | 25.00 | प्रमोद कन्स्ट्रक्शन, अ-4 वर्ग | 5 नग पुलिया | अपूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | भाटापारा-निपनिया मार्ग से कलमीडीह पहुंच मार्ग लं. 6.40 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 87.02 | 40.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन, अ-3 वर्ग | पूर्ण 12 नग पुलिया | - |
| 9. | मजगांव से कुकराचुंदा मार्ग लं. 3.12 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 39.66 | 20.00 | मे. क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन अ-4 वर्ग | पूर्ण | - |
| 10. | तरपोंगा से लिमतरा मार्ग लं. 2.72 किमी, पुल पुलिया निर्माण सहित. | 51.37 | 25.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन अ-3 वर्ग | पूर्ण | - |
| 11. | भाटापारा-चंदखुरी मार्ग से कैथी पहुंच मार्ग लं. 4.60 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 58.19 | 24.00 | मे. क्वालिटी कन्स्ट्रक्शन अ-4 वर्ग | पूर्ण 4 नग पुलिया | - |
| 12. | बोरसी से मजगांव मार्ग लं. 1.65 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 38.01 | 10.00 | मेसर्स श्री कन्स्ट्रक्शन | - | अपूर्ण |
| 13. | माढ़र से मुख्य मार्ग लं. 1.70 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 34.60 | 7.00 | मे. बिटुमेक कन्स्ट्रक्शन अ-3 वर्ग | 2 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 14. | दुलदुला पहुंच मार्ग लं. 1.95 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 43.00 | 10.00 | आकाश बिल्डर्स अ-4 वर्ग | पूर्ण | - |
| 15. | मुख्य मार्ग से चोरहा नवागांव मार्ग लं. 6.40 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 98.22 | 20.00 | सुनील कुमार सिंह | 4 नग पुलिया | अपूर्ण |
| 16. | मुख्य मार्ग से बनसांकरा खैरघट मार्ग लं. 3.00 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 70.85 | 10.00 | मेसर्स गुरुदत्त तिवारी | - | अपूर्ण |
| 17. | मुख्य मार्ग से हरिनभट्ठा पहुंच मार्ग लं. 7.00 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 101.20 | 10.00 | श्री कंस्ट्रक्शन | - | अपूर्ण |
| 18. | खपराडीह से मोहभट्ठा मार्ग लं. 3.20 किमी. पुल पुलिया निर्माण सहित. | 77.61 | 10.00 | श्री कंस्ट्रक्शन | - | अपूर्ण |
| 19. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 49 से 61/4 12.40 किमी. में परियोडिकल रिनीवल का कार्य. | 160.92 | 60.39 | मेसर्स बिटुमेक कंस्ट्रक्शन, रायपुर | - | अपूर्ण |
| | योग | 6987.69 | 986.97 | | 7 पूर्ण (सड़क कार्य) 48 नग पुलिया | 12 अपूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **पुल कार्य** | | | | | |
| 1. | आर. ओ. बी. भाटापारा | 1500.00 | 417.11 | बंका कन्स्ट्रक्शन मुंबई | पूर्ण | - |
| 2. | बंजारी/तिल्दा भाटापारा मार्ग | 824.00 | 33.30 | श्री ब्रजेश अग्रवाल बिलासपुर | - | अपूर्ण |
| 3. | राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 200 के कि. मी. 66/2-8 में शिव नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य. | 1662.17 | 452.00 | मेसर्स गोर्धनदास गोविन्दराम, अ-5 वर्ग ठेकेदार, रायपुर | - | अपूर्ण |
| | **योग** | **3986.17** | **902.41** | | **1 पूर्ण** | **2 अपूर्ण** |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 471) के भाग (ख) की जानकारी ]

अन्य विभागों में पदस्थ भा. व. से. अधिकारियों के नाम, विभाग एवं प्रतिनियुक्ति पर पदस्थिति तिथि

| अ. क्र. | अधिकारी का नाम एवं पद | | वर्तमान पदस्थिति का विभाग | वन विभाग से बाहर पदस्थिति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | श्री प्रदीप कुमार पंत | मुख्य वन संरक्षक | सचिव, लोक सेवा आयोग | 21-06-2006 |
| 2. | डॉ. आर. के. सिंह | मुख्य वन संरक्षक | संचालक, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग. | 22-11-06 |
| 3. | श्री के. सुब्रमणियम | मुख्य वन संरक्षक | मुख्यमंत्री जी के सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग. | 19-12-2003 |
| 4. | श्री के. सी. यादव | मुख्य वन संरक्षक | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, गरीबी उन्मूलन परियोजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग. | 18-08-2005 |
| 5. | श्री कौशलेन्द्र सिंह | मुख्य वन संरक्षक | सचिव, वन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग | 14-09-2007 |
| 6. | श्री पी. सी. मिश्रा | मुख्य वन संरक्षक | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग. | 26-02-2004 |
| 7. | श्री आर. के. गोवर्धन | मुख्य वन संरक्षक | प्रबंध संचालक, सी. एस. आई. डी. सी., उद्योग विभाग. | 28-10-2006 |
| 8. | श्रीमती शोभा सुब्रमणियम | मुख्य वन संरक्षक | सदस्य सचिव, राज्य योजना मंडल, वित्त एवं योजना विभाग. | 21-11-2007 |
| 9. | श्री संजय शुक्ला | मुख्य वन संरक्षक | आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, आवास एवं पर्यावरण विभाग. | 28-02-2004 |
| 10. | श्री पी. व्ही. नरसिम्हा राव | मुख्य वन संरक्षक | सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आवास एवं पर्यावरण विभाग. | 08-11-2008 |
| 11. | श्री राकेश चतुर्वेदी | वन संरक्षक | संचालक, संस्कृति विभाग | 10-07-2007 |
| 12. | श्री देबाशीष दास | वन संरक्षक | विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग. | 11-11-2004 |
| 13. | श्री जे. ए. सी. एस. राव | वन संरक्षक | विशेष सचिव, कृषि विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग. | 20-08-2008 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 14. | श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह | वन संरक्षक | राज्य कार्यक्रम संचालक, आई. एफ. आर. डी. परियोजना, छत्तीसगढ़, आदिमजाति विकास विभाग. | 24-07-2007 |
| 15. | श्री एस. एस. बजाज | वन संरक्षक | संचालक , नगर तथा ग्राम निवेश, आवास एवं पर्यावरण विभाग. | 20-11-2004 |
| 16. | श्री सुधीर अग्रवाल | वन संरक्षक | विशेष सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग. | 17-10-2005 |
| 17. | श्री युनूस अली | वन संरक्षक | विशेष सचिव, वन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग. | 08-08-2008 |
| 18. | श्री अनिल कुमार राय | वन संरक्षक | विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग. | 01-03-2001 |
| 19. | श्री आलोक कटियार | वन संरक्षक | संचालक, उद्यानिकी कृषि एवं उद्यानिकी विभाग. | 28-05-2005 |
| 20. | श्रीमती शालिनी रैना | उप वन संरक्षक | संयुक्त संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास. | 03-08-2005 |
| 21. | श्री आशुतोष मिश्रा | उप वन संरक्षक | अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग. | 30-09-2007 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 07 (क्र. 387) के भाग (क) की जानकारी ]

## वर्ष 01.01.2005 से 01.01.2009 तक जंगली हाथियों से जनधन हानि का विकासखण्डवार जानकारी

| वर्ष | जिला | वनमंडल | विकासखंड | जनहानि | | | | जनघायल | | | | मकान क्षति | | | | फसलहानि | | | | भुगतान लंबित रहने का कारण कब तक भुगतान किया जायेगा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संख्या | भुगतान राशि | लंबित भुगतान प्रकरण | राशि | संख्या | भुगतान राशि | लंबित भुगतान प्रकरण | राशि | संख्या | भुगतान राशि | लंबित भुगतान प्रकरण | राशि | संख्या | भुगतान राशि | लंबित भुगतान प्रकरण | राशि | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 2004–05 | सरगुजा | उत्तर सरगुजा वनमंडल | प्रतापपुर | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | 77 | 121723 | - | - | - |
| 2005–06 | | | प्रतापपुर | 4 | 400000 | - | - | 1 | 1120 | - | - | - | - | - | - | 103 | 114524 | - | - | - |
| 2006–07 | | | प्रतापपुर | - | - | - | - | - | - | - | - | 95 | 377645 | - | - | 287 | 438407 | - | - | - |
| 2007–08 | | | प्रतापपुर | - | - | - | - | - | - | - | - | 50 | 172600 | - | - | 209 | 242567 | - | - | - |
| 2007–08 | | | वाड्रफनगर | - | - | - | - | - | - | - | - | 3 | 3000 | - | - | 101 | 127633 | - | - | - |
